असाइनमेंट :- 13 विषय :- हिंदी कक्षा :- चौथी शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर/ जितेंद्र कौर

नाम :- ______________ सेक्शन :- ________ रोल नंबर :- _______ दिनांक :- /9/2021

# सर्वनाम

**परिभाषा** - जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, उन्हें सर्वनाम कहते हैं |

जैसे:- मैं, हम, तुम, यह, वह, मेरा, तुम्हारा, उसको, इन्होंने, उसने आदि

## सर्वनाम के भेद

1) पुरुषवाचक सर्वनाम
2) निश्चयवाचक सर्वनाम
3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4) प्रश्नवाचक सर्वनाम
5) निजवाचक सर्वनाम
6) संबंधवाचक सर्वनाम

प्रश्न1 नीचे दिए गए सर्वनाम शब्दों के बहुवचन लिखो |

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैं | हम | इसका | इनका |
| यह | ये | तुम | तुम सब |
| उसे | उन्हें | इसमें | इन्होंने |

प्रश्न2 निर्देशानुसार सही सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो |

(क) हेलो कौन बोल रहे हैं? (प्रश्नवाचक सर्वनाम)

(ख) मैं बस्ता स्वयं लगाता हूँ | (निजवाचक सर्वनाम)

(ग) तुम भी मेरे साथ चल सकते हो | (पुरुषवाचक सर्वनाम)

(घ) कोई पतंग उड़ा रहा है (अनिश्चयवाचक सर्वनाम)

(ङ) राजा दशरथ ने जैसा कहा, राम ने वैसा ही किया| (संबंधवाचक सर्वनाम)

**प्रश्न 3 उचित शब्द भरकर वाक्य पूरे करो |**

(क) सर्वनाम शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है |

(ख) सर्वनाम शब्दों के छह भेद होते हैं |

(ग) किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु के बारे में बताने वाले सर्वनाम शब्दों को निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं |

(घ) सरगना के भी वचन बदलते हैं |

**प्रश्न 4 नीचे दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्द रेखांकित करो |**

अमित के पास एक बिल्ली है | वह सफेद व काले रंग की है | उसका नाम टिनटिन है | उसे दूध पीना बहुत पसंद है | उसकी दोस्ती चिड़िया से है | वे एक दूसरे से बातें करती है | टिनटिन का अपना एक घर भी है | उसमें छोटा सा बिस्तर भी बना है | उसे अपना घर बहुत पसंद है |